# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरू की नियुक्ति को चुनौती

## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार, कुलसचिव व कुलगुरु को नोटिस जारी कर मांगा जवाब

जबलपुर।

**मप्र हाईकोर्ट में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलगुरू प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। जस्टिस एमएस भट्टी की सिंगल बेंच ने मामले पर प्रारंभिक सुनवाई के बाद राज्य शासन, कुलसचिव व कुलगुरू को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।**

जबलपुर निवासी छात्र अदनान अंसारी की ओर से अधिवक्ता अंशुमान सिंह ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि प्रो. राजेश कुमार वर्मा की कुलगुरु पद पर नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में शिक्षकों एवं अन्य शैक्षणिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम योग्यताएँ एवं उच्चतर शिक्षा में मानकों के रखरखाव हेतु अन्य उपाय) विनियम, 2018 की धारा 7.3.1 के प्रतिकूल है। यूजीसी विनियम में स्पष्ट है कि कुलगुरु वही



व्यक्ति नियुक्त किया जा सकता है, जो सर्वोच्च स्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता तथा संस्था के प्रति प्रतिबद्धता रखता हो तथा जिसके पास किसी विश्वविद्यालय में कम से कम 10 वर्षों का आचार्य (प्रोफेसर) के रूप में अनुभव हो। तर्क दिया गया कि प्रो. वर्मा का समस्त सेवाकाल केवल शासकीय महाविद्यालय में व्यतीत हुआ है, जो न तो विश्वविद्यालय माना जाता है और न ही उन्हें किसी राष्ट्रीय/शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन के बराबर माना गया है। इस कारण वे कुलगुरु पद की अनिवार्य पात्रता पूरी नहीं करते।

## प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा व रजिस्ट्रार रादुवि को अवमानना नोटिस

### सेवानिवृत्त महिला प्रोफेसर के साथ भेदभावपूर्व रवैये का मामला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने पूर्व आदेश का पालन नदारद होने पर प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन व रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार आरके बघेल को अवमानना नोटिस जारी किया है। जस्टिस डीडी बंसल की सिंगल बेंच ने दोनों को स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।अवमानना याचिकाकर्ता रादुवि से सेवानिवृत्त प्रो. डा. अंजना शर्मा की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे व रितिका गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मध्य प्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग व रादुवि प्रशासन का रवैया मनमाना है। दोनों भेदभावपूर्ण रीति-नीति का परिचय दे रहे हैं। डा. शर्मा 30 अप्रैल, 2021 को बायोसाइंस विभाग से सेवानिवृत्त हुई थीं। तब से लेकर अब तक उनके सेवानिवृत्ति लाभ पेंशन व ग्रेच्युटी आदि प्रदान नहीं किए गए। अभ्यावेदन का असर न होने पर हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। सुनवाई में अवगत कराया गया था कि याचिकाकर्ता के विरुद्ध कोई आपराधिक प्रकरण व विभागीय कार्रवाई लंबित नहीं है। इसके बावजूद अकारण पेंशन आदि रोकना समझ के परे है। हाई कोर्ट ने 22 नवंबर, 2024 को याचिका का इस निर्देश के साथ निराकरण किया था कि राज्य शासन व विवि तत्काल पेंशन आदि जारी करें। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जबकि समकक्ष सेवानिवृत्त प्रो. डा. वायके बंसल व डा.पीके सिंघपल के प्रकरणों में कई वर्ष पूर्व राहत दी जा चुकी है। इससे साफ है कि महिला प्रोफेसर को जानबूझकर दुर्भावनवश भेदभावपूर्ण नीति का शिकार बनाया जा रहा है। आलम यह है कि अब तक डा. शर्मा के हक में पीपीओ व जीपीओ तक तैयार नहीं किए गए हैं।



## निराश्रितों को रैन बसेरों में पहुंचाने का कार्य लगातार जारी

**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार गठित भ्रमण दल द्वारा खुले आसमान के नीचे सोने वाले निराश्रित लोगों को रात्रि कालीन सर्वे कार्य से शहर के विभिन्न स्थानों से निराश्रित लोगों को निकटतम आश्रय स्थलों में विस्थापित किया जा रहा है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि निराश्रित तथा अवासहीन को ठंड के प्रभाव से बचाव के लिए रात्रि कालीन सर्वे टीम डे-एन.यू.एल.एम., अतिक्रमण आदि संयोजक रूप से शहर के विभिन्न मुख्य चौराहों, फुटपाथों से खुले आसमान के नीचे रह रहे लोगों को निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में ठहराये जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आश्रय स्थलों में ठहरने वाले निराश्रितों के लिए पलंग, गद्दा, तकिया, कम्बल, हीटर एवं गरम पानी की उत्तम व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि आज रात्रि कालीन सर्वे टीम द्वारा कल्चरल स्ट्रीट, कृष्णा मार्केट से खुले आसमान के नीचे निवास कर रहे 12 लोगों को आश्रय स्थल में पहुँचाया गया है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने आवासहीन एवं निराश्रितों से अपील की है कि नगर निगम द्वारा संचालित आश्रय स्थलों में रहें जिससे ठंड के प्रभाव से जन की सेहत को नुकसान न हो।

# आज से भेड़ाघाट से शुरू होगी पीएमश्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा

जबलपुर।

जबलपुर से कान्हा, बांधवगढ़ एवं मैहर पहुंचना अब और आसान होगा। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशा के अनुरूप जबलपुर से गुरुवार 20 नवंबर को पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ हो रही है। पीएम श्री पर्यटन हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत सुबह 10 बजे भेड़ाघाट से आरंभ होगी। सप्ताह में पांच दिन पर्यटक जबलपुर से बांधवगढ़, कान्हा, मैहर, अमरकंटक, चित्रकूट तक हेलीकॉप्टर से पहुंच सकेंगे। केन्द्रीय विमानन मंत्रालय, मध्यप्रदेश शासन और पर्यटन बोर्ड की पहल पर आरंभ हो रही पीएम श्री हवाई सेवा का प्रदेश में संचालन फ्लाईओला कंपनी करेगी। सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार और रविवार को पर्यटक उड़ान भर सकेंगे। कंपनी के बिजनेस हेड जितेंद्र कुमार ने बताया कि जबलपुर के भेड़ाघाट के पास कंपनी ने हेलीकॉप्टर का बेस बनाया है जहां से पर्यटकों को उनके पसंद के पर्यटन स्थल ले जाया जाएगा। इस सेवा के लिए अलग-अलग दूरी के हिसाब से किराया तय किया गया है।

**जबलपुर से कान्हा, अमरकंटक, बांधवगढ़, मैहर की यात्रा होगी और आसान**



### हर जगह बनाए बेस

जितेन्द्र कुमार ने बताया कि सभी पर्यटन स्थलों में कंपनी ने हैलीकाप्टर की सफल लैडिंग के लिए बेस बनाया है। पर्यटकों को पर्यटन स्थल के आसपास उतारने की व्यवस्था है। पर्यटक कंपनी के आनलाइन बुकिंग की सुविधा भी ले सकते हैं।

### तय किया गया किराया-

जबलपुर-बांधवगढ़ : 3 हजार 750 रुपये
बांधवगढ़-कान्हा : 2 हजार 500 रुपये
कान्हा-बांधवगढ़ : 2 हजार 500 रुपये
जबलपुर-अमरकंटक : 5 हजार रुपये
मैहर-चित्रकूट : 2 हजार 500 रुपये
मैहर-जबलपुर : 5 हजार रुपये

# फर्जी मुखतयारनामा बनाकर की धोखाधड़ी

## बैंक ने लोन रिकवरी का नोटिस चिपकाया, तब खुला राज

जबलपुर।

**अधारताल थाना अतंर्गत कुदवारी स्थित एक मकान के फर्जी कागजात तैयार कर बैंक से 20 लाख रुपए का लोन ले लिया। मकान के सामने जब बैंक ने रिकवरी का नोटिस चस्पा किया, तब मकान मालिक के होश उड़ गए। दरअसल मकानमालिक ने मकान को बेचने का सौदा किया था, और एंडवास में उसे 5 लाख का चैक दिया गया था, लेकिन चैक बैंक में लगने से पहले ही मकान के कागज आधार कार्ड, और अन्य दस्तावेज की फोटोकापी उनसे ली गई और धोखाधड़ी कर लोन निकलवा लिया गया। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपराधिक प्रकरण दर्ज कर लिया हैं।**

अधारताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोहलपुर निवासी मोह.शमीम मंसूरी और उनकी पत्नी शबीना मंसूरी की कुदवारी में 1283 वर्ग फुट का एक मकान है। पैसों की आवश्यकता होने पर उन्होंने मकान बेचने का मन बनाया और अपने दोस्त बलवीर यादव निवासी पटेल नगर अधारताल से मकान बेचने के संबंध मे चर्चा की। तब उन्होंने रोहित यादव से मिलवाया, और 30 लाख रूपये में मकान बेचने के लिये रोहित यादव ने मोहित तिवारी से बात कराई एवं सौदा तय हो गया। तब रोहित यादव को शमीम मंसूरी ने अपने मकान की रजिस्ट्री की छायाप्रति जनवरी 2023 मे दे दी, इसके बाद रोहित



यादव द्वारा उसका और उसकी पत्नी का पेन कार्ड, आधार कार्ड एवं नक्शा खसरा की नकल की प्रति ले ली और आश्वासन दिया कि 15 दिन में मकान का सौदा हो जाएगा। एचडीएफसी बैंक के 5 लाख का चैक दिया और कहा कि जब हम कहे तभी इसे बैंक में लगाना। उक्त चेक आज भी शमीम के पास रखा है। किन्तु कई दिन बीत जाने के बाद भी कोई काम नही हुआ तब मैं बार बार रोहित यादव से फोन पर संपर्क करता रहा, आज कल मे काम हो जाने का आश्वासन देते रहे, इसके बाद दिनांक 18 जुलाई 2024 को शमीम के मकान मे नवीन कुमार तिवारी एवं छाया तिवारी के नाम से सेंट्रम हा उ सिं ग फायनेंस कंपनी का नोटिस चस्पा किया गया जिसमे 22 लाख 86 हजार 029 रुपए की लोन राशि का रिकवरी करना लेख था, जब शमीम ने सेंट्रम हाउसिंग फायनेंस कंपनी गोलबाजार जाकर जानकारी लिया तब पता चला कि प्रकाश नामदेव द्वारा उसके नाम से मुख्तयारनामा (पावर आफ अटार्नी) तैयार कर नवीन तिवारी के नाम से उसके मकान की रजिस्ट्री की गयी है और उसी रजिस्ट्री पर से नवीन तिवारी द्वारा 22 लाख 86 हजार 029 रूपये का लोन प्राप्त किया गया है एवं उक्त लोन की राशि प्रकाश नामदेव के खाते मे ट्रांसफर की गयी है।बैंक में संपर्क करने पर मैनेजर से चर्चा उपरांत कम्प्यूटर ओपन कर उसे उसके भवन की फोटो दिखाई एवं आधारकार्ड, पेन कार्ड उसका एवं उसकी पत्नी का दिखाया लेकिन फोटो किसी अन्य पुरुष एवं महिला की लगी हुई है। हस्ताक्षर भी उनके नहीं थे एवं लोन की राशि के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि आपने किसी प्रकाश नामदेव को भवन का पावर ऑफ एटर्नी दिया है इसी आधार पर लोन का पेमेन्ट 20 लाख प्रकाश नामदेव को दिया गया है जबकि उसने किसी भी व्यक्ति को भवन की पावर ऑफ एटर्नी नहीं दी है न किसी प्रकार का संपत्ति के संबंध में अनुबंध किया है।

जब रोहित यादव, मोहित तिवारी से उक्त लोन के संबंध मे संपर्क किया तब उन लोगो ने बोला की हां लोन फायनेंस कराया है। पुलिस ने इस मामलें में रोहित यादव, मोहित तिवारी, प्रकाश नामदेव एवं नवीन तिवारी के खिलाफ धोखाधड़ी करने पर धारा 420, 467, 468, 471, 120बी भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# कृषि उपज मण्डी प्रांगण में नीलामी नहीं होगी

जबलपुर।

जबलपुर जिला मुख्यालय स्थित कृषि उपज मण्डी समिति में नीलामी का कार्य 20 नवम्बर 2025 से आगामी सूचना तक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह निर्णय मण्डी परिसर के बाहर एक व्यापारी के साथ हुई लूट की गंभीर घटना के मद्देनजर लिया गया है।कृषि उपज मण्डी समिति, जबलपुर के सचिव ने बताया कि 19 नवम्बर 2025 को मण्डी के गेट नंबर-1 के समीप अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यापारी से 19 लाख रुपये की लूट की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना के बाद, जबलपुर अनाज एवं तिलहन व्यापारी संघ ने मण्डी प्रशासन को सूचित किया है कि व्यापारियों में असुरक्षा का माहौल है और वे तब तक नीलामी में भाग नहीं लेंगे जब तक कि लूट के आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ जाते।

# बंदियों से मुलाकात कर प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करें लीगल ऐड डिफेंस काउंसेल्स

जबलपुर।

हाईकोर्ट के प्रशासनिक न्यायाधीश विवेक रूसिया ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जावे कि जिला प्राधिकरण द्वारा नियुक्त लीगल ऐड डिफेंस काउंसेल्स जेल में निरूद्ध बंदियों से अनिवार्य रूप से मुलाकात कर प्रकरणों में प्रभावी पैरवी करें।

नियमित तौर पर बंदियों को उनके प्रकरणों की अद्यतन स्थिति की जानकारी साझा करें। उनके जेल विजिट का जेल प्राधिकारियों के माध्यम से सत्यापन किया जाये। मध्यस्थता के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण हेतु प्रशिक्षित मध्यस्थ एवं सामुदायिक मध्यस्थता स्वयंसेवकों की सेवायें ली जायें। वे बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के सचिवों के लिये दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर बोल रहे थे।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर बोले जस्टिस विवेक रूसिया**

उन्होंने कहा कि सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का पद अत्यंत महत्वपूर्ण एवं जवाबदेही का है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्‌घाटन न्यायिक अकादमी के संचालक श्री उमेश कुमार पांडव तथा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव कु, सुमन श्रीवास्तव एवं उपस्थित रिसोर्स पर्सन्स के द्वारा किया गया था।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी की जेसीबी मशीन जप्त

जबलपुर।

जिले की जबलपुर तहसील के ग्राम घुंसौर में निजी कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मिट्टी निकालने और ग्रामीणों को डरा धमकाकर जबरन सड़क बनाने की मिली शिकायत पर कार्यवाही कर राजस्व विभाग के अमले ने न केवल शासकीय भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है, बल्कि मिट्टी निकालने में प्रयुक्त जेसीबी मशीन को जब्त कर तिलवारा थाना के सुपुर्द कर दिया है।शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की यह कार्यवाही नायब तहसीलदार रविन्द्र पटेल के नेतृत्व में की गई। उन्होंने बताया कि ग्राम घुंसौर के निवासियों द्वारा जेएमडी एंटरप्राइजेज एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा घुंसौर के खसरा नम्बर 22 और 24 की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मिट्टी निकाली जा रही थी तथा कंपनी के लोगों द्वारा ग्रामीणों को डरा धमकाकर और आम रास्ता बंद कर जबरन सड़क बनाई जा रही है। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की इस शिकायत पर आज बुधवार को मौके पर जाँच कर कार्यवाही की गई तथा जेएमडी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी के अवैध कब्जे से करीब 8 हजार 600 वर्गफुट शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया।



नायब तहसीलदार ने बताया कि जेएमडी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा करने के साथ ही इसके समीप की सतई आदिवासी पिता शिवराज गोंड की भूमि पर भी कब्जा कर गेट खड़ा कर लिया गया था। मौके पर जाँच करने पर पाया गया कि सतई आदिवासी की भूमि पर जेएमडी कंपनी को गेट लगाने का कोई अधिकार नहीं था। नायब तहसीलदार के मुताबिक शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर मिट्टी निकालने और रोड बनाने के इस मामले में वैधानिक कार्यवाही भी की जा रही है।

## घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप, सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

# मंडी गेट पर रॉड से हमला कर 19 लाख रुपए लूटे





जबलपुर।

शहर में अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। कोई दिन ऐसा नहीं जाता जब लूट, हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं न बढ़ रही हो। अपराधों ने कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए। अब रात क्या दिन दहाड़े लूट की वारदातें हो रही हैं। बुधवार की दोपहर 3.30 बजे के लगभग दिनदहाड़े एक अनाज व्यापारी के कर्मचारी के सिर पर रॉड से हमला कर बदमाश 19 लाख रुपए का बैग लूटकर भाग गए। हालांकि इस मामलें में पुलिस चुप्पी साधे हुई है अधिकारिक तौर पर कुछ भी कहने से पुलिस बच रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक निवाड़गंज गल्ला मंडी निवासी आनाज व्यापारी वीरेंद केसरवानी के यहां पिछले 20 सालों से काम कर रहे कर्मचारी विकास साहू को गल्ला व्यापारी के पुत्र सतीश उर्फ सत्तू केशरवानी ने एचडीएफसी बैंक से 19 लाख रुपए निकलवाकर मंडी में किसानों के भुगतान के लिए भेजा। विकास ने बैग एक्टिवा में आगे रखा और मंडी गेट पर पहुंचा था कि गेट नंबर 1 के पास पहले से खड़े एक युवक ने उसके सिर पर रॉड से हमला किया, विकास नीचे गिरा तभी युवक रुपयों से भरा बैग लेकर भागा और आगे खड़े अपने साथी के साथ एक्टिवा में बैठकर भाग गया। इस घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। तमाशबीनों की भीड़ इकट्ठा हो गई। घटना की सूचना मिलने पर विजयनगर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरु की। रॉड लगने से घायल विकास का मेडीकल कॉलेज अस्पताल में मुलाहिजा कराया गया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीव्ही कैमरे के फुटेज भी खंगाल रही हैं।

### वारदात गेट नंबर-1 के सामने हुई, जहां आमतौर पर भारी भीड़ रहती है।

पीड़ित व्यापारी सतीश उर्फ सत्तू केसरवानी के अनुसार, उन्होंने किसानों को भुगतान के लिए एचडीएफसी बैंक से 19 लाख रुपए निकालकर अपने कर्मचारी विकास को रुपयों से भरा बैग दिया। विकास उनका भरोसेमंद कर्मचारी और पिछले 20 सालों से काम कर रहा है। विकास जब मंडी के गेट नंबर 1 पहुंचा जहां पहले से घात लगाए हुए एक अज्ञात युवक ने उस पर रॉड से हमला कर दिया। इसी दौरान बदमाश ने बैग छीना और अपने साथी के साथ एक्टिवा में बैठकर फरार हो गया।

### घटना से आक्रोश

घटना के बाद मंडी परिसर और आसपास के क्षेत्रों में दहशत फैल गई। पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए जाने लगे। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस मुफ्त में सब्जी लेने और वाहनों से वसूली करने तो आती है लेकिन कभी चौकसी नहीं करती। मंडी में प्रतिदिन में करोड़ों रुपयों का कारोबार होता है वहीं किसानों को नगद भुगतान करने की वजह से व्यापारी या उनके प्रतिनिधि रोजाना लाखों रुपए लेकर आते जाते है फिर भी यहां पुलिस की तैनाती नहीं रहती हैं। लोगों में इस बात का भी गुस्सा है कि इतनी भीड़भाड़ वाली जगह पर भी अपराधियों के हौसले इतने बुलंद कैसे हो गए।

### पुलिस अलर्ट पर, मंडी गेट बंद

वारदात की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई और मंडी के मुख्य गेट को तुरंत बंद करा दिया। सभी एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर नाकेबंदी की गई है। भारी पुलिस बल तैनात कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी गई है।पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है और स्कूटी सवार दोनों बदमाशों की पहचान में जुटी है।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

### रेलवे दावा अधिकरण मुआवजे पर नए सिरे से विचार करे

**हाईकोर्ट ने दिए निर्देश**

# रेल प्रशासन से सुरक्षा, देखभाल और सतर्कता के समान मानकों का हकदार है यात्री

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट नेअपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि प्रत्येक रेल यात्री, चाहे वह किसी भी श्रेणी में यात्रा कर रहा हो, रेल प्रशासन से सुरक्षा, देखभाल और सतर्कता के समान मानकों का हकदार है। इसलिए भीड़भाड़ वाली ट्रेन से गिरने के कारण अपीलकर्ता द्वारा दोनों पैर गंवाने के मामले में रेलवे जिम्मेदार है। जस्टिस हिमांशु जोशी की सिंगल बेंच ने रेलवे यात्री को सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने में विफल रहा है। रेलवे दावा अधिकरण भोपाल को मामला वापस भेजते हुए निर्देश दिया जाता है कि अपीलार्थी को नियमानुसार मुआवजा प्रदान करें।

भोपाल निवासी राजू धर्वे ने अपील पेश कर कहा कि एक जून, 2012 को वह अपने परिवार के साथ दक्षिण एक्सप्रेस से आमला से भोपाल जा रहा था। उसके पास वैध



यात्रा टिकट था। कोच में अत्यधिक भीड़ होने के कारण, अपीलकर्ता चलती ट्रेन से धक्का देकर गिर गया और पहियों के नीचे आ गया। उसके दोनों पैर घुटने के ऊपर से कट गए। अपीलकर्ता के मुआवजे के दावे को शुरू में रेलवे दावा अधिकरण, भोपाल ने निरस्त कर दिया था। अधिकरण ने निष्कर्ष निकाला था कि उसने चलती ट्रेन से उतरने का प्रयास स्वयं किया जिससे उसकी अपनी सुरक्षा खतरे में पड़ गई।

## सभी विभागों के कर्मचारी चुनाव ड्यूटी करने से मना करेंगे तो चुनाव कैसे होगा

**हाईकोर्ट ने कहा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की याचिका खारिज**

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने एक अहम टिप्पणी में कहा कि अगर सभी विभागों के कर्मचारी चुनाव ड्यूटी करने से मना करेंगे तो चुनाव कैसे होगा?चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस मत के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की याचिका को ख़ारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि उन्हें भी चुनाव ड्यूटी करनी होगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं शासकीय एकता यूनियन भोपाल की ओर से याचिका दायर की गई थी। इसमें कहा गया कि प्रदेश सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने मूल कामों के साथ-साथ इलेक्शन में ड्यूटी करने का काम दिया था। तर्क दिया गया कि आईसीडीएस सेवाओं का काम अनिवार्य है। ऐसे में अगर याचिकाकर्ता दूसरा काम करते है, तो मुख्य काम प्रभावित होता है।याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि आईसीडीएस सेवाओं के अलावा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से दूसरे कोई काम न लिए जाए। सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि सरकार को चुनाव कराना है तो वह अपने कर्मचारियों को ही जिम्मेदारी सौंपेगी। याचिकाकर्ता भी सरकार के सिस्टम के भाग हैं।

### बच्चों में मची अफरातफरी

# प्राथमिक शाला लखराम में किताबों से निकला सांप

**सिहोरा।** संकुल केंद्र शासकीय यशोदाबाई खितौला बाजार के अंतर्गत आने वाली शासकीय प्राथमिक शाला लखराम में उस समय हड़कंप मच गया, जब स्कूल की किताबों में छिपा एक लगभग साढ़े तीन फीट लंबा सांप निकल आया। अचानक सामने आए इस विषैले जीव को देखकर न सिर्फ बच्चे बल्कि शिक्षक भी बुरी तरह सहम गए।



### किताबों में छिपा था सांप

घटना तब हुई जब स्कूल का दरवाजा खुलने की आहट पाते ही किताबों के बीच छिपा हुआ यह सांप तेजी से सरकते हुए बाहर निकला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सांप का रंग ऊपर से हल्का पीला और नीचे से सफेद था।

### बच्चों को मारी फुसकार

सांप को देखते ही कक्षा में मौजूद बच्चों ने जोर जोर से शोर मचाना शुरू कर दिया। इतने बड़े सांप को अपनी तरफ फुसकारते देख भय के मारे बच्चों के साथ-साथ शिक्षक भी अपनी जगह पर जम से गए। किसी तरह हिम्मत जुटाकर बच्चों को सुरक्षित करने का प्रयास किया गया। गनीमत रही कि सांप किसी को नुकसान पहुंचाए बिना ही वहां से चला गया। कुछ देर की अफरातफरी के बाद सांप स्कूल के रैंप से होता हुआ तेजी से मैदान की तरफ भाग गया।

### 3 करोड़ की लागत से मनसकरा में विकसित होगा मार्ग

# रोड डिवाइडर एंव सेंट्रल लाइटिंग का भूमि पूजन

**सिहोरा।** मुख्यमंत्री अधोसंरचना चतुर्थ चरण योजना के तहत मझौली बायपास तिराहा से मनसकरा सेलर ढाबा तक करीब 1100 मीटर लंबे रूट डिवाइडर और सेंट्रल लाइटिंग निर्माण कार्य का भूमि पूजन विधायक संतोष बरकड़े और नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे ने किया 3 करोड़ की लागत से तैयार होने वाला यह निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष में



पूर्ण होने से नगरवासियों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी सुगम और सुरक्षित आवागमन का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद रीता शुक्ला, गौरा देवी विश्वकर्मा, प्रमोद चौधरी, जिला महामंत्री राजेश दाहिया,जिला उपाध्यक्ष अनुपम सराफ, पुष्पराज सिंह बघेल, सुग्रीव सेन, सोनू मिश्रा, सुप्पी बर्मन, मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेंद्र ओझा, इंजीनियर देवेंद्र व्यास, सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। ठेकेदार ने निर्माण कार्य प्रारंभ भी कर दिया है।

### बरगी में शिव पुराण का आयोजन

# शिव—पार्वती विवाह में उमड़ा भक्तों का सैलाब

**सिहोरा।** निकटवर्ती ग्राम बरगी स्थित ग्राम के बड़े मंदिर परिसर में चल रही शिव पुराण कथा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। कथा के पाँचवे दिवस पर शास्त्री पंडित श्रवण शास्त्री ने भगवान शिव के विवाह प्रसंग का अत्यंत मनोहारी और भावपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया। उनके मधुर वाणी में संजोए गए इस दिव्य प्रसंग ने समूचे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। शास्त्री जी ने हिमालय राज,माता



पार्वती के तप, नारदजी के उपदेश,देवताओं की सभा और बारात की अद्भुत लीला का ऐसा हृदयस्पर्शी वर्णन किया कि उपस्थित भक्तों की भावनाएँ उमड़ पड़ीं। कथा स्थल पर विभिन्न प्रसंगों के दौरान "बोल बम", "शंकर शंभू" और "हर-हर महादेव" के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गूंजता रहा।कथा के पूर्व सुभाष मिश्रा,माया मिश्रा,मनोज मिश्रा,राघवेंद्र मिश्र आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।

# एसआरआईटी, श्रीराम ग्रुप्स, जेईसी और जीजीआईटीएस सेमीफाइनल में



**जबलपुर।** श्रीराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी के तत्वावधान में श्रीराम कॉलेज ग्राउंड में आयोजित नोडल लेवल क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन का पहला मैच दूसरा क्वार्टरफाइनल जीजीआईटीएस कॉलेज और सेंट एलॉयशियस के मध्य खेला गया जिसमें टॉस जीतकर जीजीआईटीएस कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 14 ओवर्स में 4 विकेट खोकर 186 रन बनाए] जीजीआईटीएस की ओर से अंबर शर्मा ने 73 रन और निशांत ने 62 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संत एलॉयशियस की टीम 79 पर ऑलआउट हो गई। दिन का दूसरा मैच तीसरा क्वार्टर फाइनल श्रीराम ग्रुप्स कॉलेज और बडेरिया ग्लोबल कॉलेज के बीच हुआ] श्रीराम ग्रुप्स कॉलेज ने पहले बैटिंग करते हुए 14 ओवर्स में 103 बनाये और यह मैच 9 रनों से जीता। श्रीराम ग्रुप्स की तरफ़ से सनी जंघेला ने दोहरा प्रदर्शन किया] उन्होंने 21 रन बनाये और 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बडेरिया ग्लोबल कॉलेज 94 ही बना पाई। आज के अतिथि श्रीराम कॉलेज के चेयरमैन रामेंद्र कर्सोलिया, श्रीराम कॉलेज के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एल.के. पटेल, एसआरआईएसटी कॉलेज के एचओडी प्रतीक गुप्ता, नोडल अधिकारी भगवान सिंह, ज्ञान गंगा कॉलेज के खेल अधिकारी नितेन्द्र सिंह, श्रीराम कॉलेज के खेल अधिकारी हरविंदर सिंह, भानु सूर्यवंशी उपस्थित रहे। निर्णायक की भूमिका रामराव और सूरज महाराज ने निभाई।

## पीछे से मोटरसायकिल ने टक्कर मारी, भाई बहन घायल

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अतंर्गत पोड़ीकला नगर के पास मोड़ पर एक बाईक ने दूसरी बाईक को पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें सवार भाई बहन नीचे गिरकर घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोसलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार कन्या शाला स्कूल के पास गोसलपुर निवासी दुर्गा चौधरी गत दिवस रिश्तेदारी में मझगवां से वापस गोसलपुर अपने रिश्ते के भाई जितेंद्र के साथ मोटर सायकल से आ रही थी। रात लगभग 10.30 बजे जैसे ही पोड़ीकला नगर के पास मोड़ पर पहुंची, तभी पीछे से आ रही मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एनके 6422 के चालक ने तेज गति से चलाते हुये जितेन्द्र की मोटर सायकल में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे जितेन्द्र एवं दुर्गा चौधरी मोटर सायकल सहित गिर गये और दोनों घायल हो गए। सूचना मिलते ही दुर्गा का पति अरूण चौधरी मौके पर पहुंचा और दोनों घायलों को आटो से ले जाकर प्राईवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपी बाईक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 125 ए बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### संस्कारधानी के युवाओं को दिया प्रेरणादायक संदेश

# अंतरराष्ट्रीय पुरुष दिवस पर आयोजित हुआ सेमिनार



**जबलपुर।** ऐसा आयोजन शहर में पहली बार हुआ है जहां men's डे celebrate किया गया, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभावान व्यक्तियों को शामिल किया गया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में बेमिसाल काम किया है। आज वर्ल्डस इंटरनेशनल मेंस डे के उपलक्ष्य में डॉक्टर अमित जयकुमार जैन, सीनियर ऑर्थोपेडिक एंड ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन, डायरेक्टर बोन एंड जॉइंट वैलनेस क्लिनिक के माध्यम से पुरुष दिवस बोन एंड जॉइंट वेलनेस क्लिनिक में मनाया गया जो कि गोल बाजार में स्थित है, जहां पर पोस्ट ज्वाइंट रिप्लेसमेंट पेशेंट जिन्होंने सर्जरी के बाद भी नए-नए कीर्तिमान हासिल किये सर्जरी के बाद भी सभी अपने कार्य को बखूबी कर रहे हैं और समाज को प्रेरणा दे रहे हैं। कार्यक्रम में शामिल डॉक्टर पुष्पराज पटेल, सीनियर कार्डियोलॉजिस्ट ने बताया कि हम कैसे युवाओं के हृदय की देखभाल कर सकते हैं, डॉक्टर नीरज जैन नेफ्रोलॉजिस्ट ने किडनी के रोग के बारे में जानकारी दी एवं बचाव के बारे में बताया। आज के कार्यक्रम में शैलेंद्र सिंह ठाकुर प्रेसिडेंट ऑफ़ क्षेत्रीय महासभा, रविंद्र वाजपेई, राधेलाल गुप्ता, ज्ञान चंद गोलछा, देवेंद्र सुरजन, नरेश ग्रोवर, सुरेश पागे, जगमोहन तिवारी, साइकोलॉजिस्ट डॉक्टर अपर्णा, डॉक्टर अमित जय कुमार जैन, डॉक्टर चांदनी एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने पुरुष दिवस का महत्व बताया एवं उन्होंने अपने जीवन के संघर्षों को साझा किया जिससे आज की हमारी युवा पीढ़ी प्रेरित हो सके और नए आयाम को प्राप्त कर सके, शहर को और अधिक चिकित्सा के क्षेत्र में कैसे मजबूती प्रदान की जा सकती है एवं शहर को कैसे अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ाया जा सकता है उस पर भी विचार विमर्श किया गया।

## *28 करोड़ 34 लाख की लागत से होगा बरेला से पड़वार रोड का निर्माण, भूमि पूजन आज*

**बरेला।** विगत 10 माह पूर्व की गई घोषणा अब आज साकार होने जा रही है। लगभग 10 माह पूर्व रोड ग्राम पिपरिया से खरर घाट के भूमिपूजन के समय लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह ने बरेला से पड़वार रोड के चौड़ीकरण की घोषणा की थी जो कि अब साकार होने जा रही है ।लोक निर्माण विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बरेला से पड़वार रोड का निर्माण लगभग 28 करोड़ 34 लाख की लागत से हो रहा है। इस रोड के निर्माण हो जाने से लोगों को बरेला से कुंडम, डिंडोरी जाने में आसानी होगी। लोक निर्माण विभाग के अनुसार यह रोड टू लेन रहेगी।इस रोड की लंबाई लगभग 10.2 किलोमीटर एवं चौड़ाई लगभग 11 मीटर होगी जिसमें 7 मीटर डामली करण और 4 मीटर सोल्जर पट्टी होगी। इस रोड में लगभग 25 पुलियों का निर्माण किया जाएगा तथा इसके अतिरिक्त पांच बड़े पुल भी बनाए जाएंगे जिसके अनुसार रानवे नदी पर और नगर के बाहर तालाब के आसपास पूरे मार्ग पर पांच स्लैप वाले पुल बनाए जाएंगे। इस रोड पर रिंग रोड का भी समागम होगा। ग्राम सरोरा के पास इस रोड का रिंग रोड से जुड़ाव होगा जहां पर एन एच ए आई द्वारा फ्लाई ओवर बनाया जाएगा। यह रोड लगभग 18 महीने में तैयार हो जावेगी। इस रोड का भूमि पूजन आज गुरुवार को लोकनिर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीकि, लोकसभा सांसद आशीष दुबे, पनागर विधायक सुशील तिवारी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोटिया के विशिष्ट आतिथ्य में 11:00 बजे बस स्टैंड बरेला में किया जाएगा।

# संतों के दर्शन मात्र से आयु बढ़ती है : भानुदेवाचार्य महाराज



**जबलपुर।** श्रीराम मानस महिला मंडल के तत्वावधान में आज मानस प्रपन्न भानु देवाचार्य महाराज ने संगीतमय श्रीराम कथा के पंचम दिवस व्यास पीठ की आसंदी से कहा कि जीवन में कई बार समय को व्यर्थ गवां दिया जाता है और बाद में पछतावा होता है की उसे समय का सदुपयोग प्रभु भक्ति में किया होता तो जीवन में अपार आनंद होता, प्रभु का आशीर्वाद मिलने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं, हम सभी को भाग्य के भरोसे बैठकर जीवन को बर्बाद नहीं करना चाहिए। आपने आगे कहा कि संतों के दर्शन मात्र से आयु बढ़ती है श्री राम का जीवन आदर्श मानव का सर्वोत्तम उदाहरण है श्रीराम के बिना भारतीय संस्कृति अधूरी है श्रीराम ने अपने क्षेत्र से जो सीख दी है वह हमेशा प्रासंगिक रहेगी। व्यास पीठ का पूजन अर्चन यजमान अरूण/रचना ठाकुर, एड. अमोल सिंह राजपूत, सुधा राजपूत, गणेश दत्त दुबे/संध्या दुबे, प्रतीक/श्वेता दुबे ने किया। इस अवसर पर स्वामी पगलानंद महाराज,भागवत भूषण रामछबी महाराज का मंगल प्रवेश हुआ। विनय कुमार दीक्षित, राजेश पटेल, देवेन्द्र कुमार तिवारी, जवाहर पटेल, भानुप्रताप सिंह, विराज तिवारी, एड. राजकुमार अवस्थी, नितिन बसेडिया, एड. विनीत टहनगुरिया, डॉ. अजय फौजदार, सौरभ सिंह, राज चोपड़ा के साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. अरुण मिश्रा, दीपांशु शुक्ला, धनवंतरी नगर से चन्द्रा दीक्षित सहित सैकड़ों मातृशक्तियों एवं श्रोताओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## श्री अनिल काले का निधन

**जबलपुर।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में लिपिक, वृंदावन कालोनी गंगा मैया इंद्रा नगर रांझी निवासी 55 वर्षीय श्री अनिल काले का हृदयाघात हो जाने से निधन हो गया।



उनकी अंतिम इच्छा के अनुरूप मेडिकल छात्रों के परीक्षण और मूल्यांकन के लिए देहदान मेडिकल कॉलेज जबलपुर में 20-11-25 को सुबह 11 बजे किया जाएगा। वे श्रीमती नीना काले के पति, श्रीकांत काले के छोटे भाई, विंध्येश भापकर के जीजा थे।

**श्री हरिश्चंद्र जाटव** - भाजपा अजा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक श्री कैलाश जाटव के पिताजी श्री हरिश्चंद्र जाटव निधन हो गया। अंतिम यात्रा आज प्रातः 10 बजे निज निवास स्थान से ग्वारीघाट गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान करेगी।



**श्री छवि लाल श्रीवास**- पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री छवि लाल श्रीवास (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चरन कौर**- साउथ सिविल लाइन निवासी श्री गुरबक्श सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती चरन कौर (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अजीत बेन**- दुर्गा नगर गौरीघाट निवासी श्री हेमराज बेन के पुत्र श्री अजीत बेन (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेंद्र विश्वकर्मा**- लोधी मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री दुर्गा प्रसाद विश्वकर्मा के पुत्र श्री महेंद्र विश्वकर्मा (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री जगदीश प्रसाद यादव**- नर्मदा नगर गौरीघाट रोड निवासी श्री जगदीश प्रसाद यादव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंजू सोंधिया**- टीआईटी बिल्डिंग कुचबंधिया मोहल्ला के पास कांचघर निवासी श्री राजकुमार सोंधिया की धर्मपत्नी श्रीमती अंजू सोंधिया (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार




करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री जॉन राव**- पोलीपाथर पंप हाउस नं. 1 के पास निवासी श्री जॉन राव (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मुन्नी बाई प्रजापति**- बिग बाजार के आगे पोलीपाथर निवासी श्री लक्ष्मण प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती मुन्नी बाई प्रजापति (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती रामकली रजक**- संस्कार कॉलोनी अधारताल निवासी श्री बंसत राम रजक की धर्मपत्नी श्रीमती रामकली रजक (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संत लाल**- कांचघर छुई खदान मुखर्जी वार्ड बर्न कम्पनी के पास निवासी श्री संत लाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती अन्नपूर्णा दुबे**- गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री प्रभाकर नारायण दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती अन्नपूर्णा दुबे (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संतोष नामदेव**- शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री संतोष नामदेव (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री मृदु कृष्णा नायडू**- न्यू कंचनपुर अधारताल निवासी श्री मृदु कृष्णा नायडू (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अंगम्मा**- मेंहदीबाग सदर निवासी श्री आर मुगम की धर्मपत्नी श्रीमती अंगम्मा (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री सेवक सिंह**- शिवपुरी कजरवारा निवासी श्री सेवक सिंह (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री बंसत वाल्मीक**- इंद्रा नगर व्हीकल रोड निवासी श्री बसंत वाल्मीक (88) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शैलेष लाल**- पंकज विहार न्यू रामनगर छापर रामपुर निवासी श्री शैलेष लाल (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गिरीश चंद्र राय**- गुलमोहर रेसीडेंसी साउथ सिविल लाइन निवासी श्री गिरीश चंद्र राय (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती हीरा बाई दुबे**- चंद्रमोहन नगर रांझी निवासी श्री राजेश्वर प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई दुबे (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री तिलक राज**- चौथा मील तिलहरी निवासी श्री तिलक राज (98) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303508294, 9407362160

# निगम प्रशासन ने दिया उदासीनता का परिचय, नहीं हुई अलाव की व्यवस्था

**जबलपुर।** शहर में पड़ रही कड़ाके की ठंड राहगीर और खुले में जीवन यापन कर रहे सभी गरीब परिवार के सदस्य और परिवार के ताने सुन-सुनकर परेशान वृद्धजनों के लिए कोई आश्रय नहीं है, जो खुले में पड़े हैं। नर्मदा परिक्रमावासी भी खुले में रहने को मजबूर हैं, इनके लिए अलाव की व्यवस्था करना अति आवश्यक कार्य में आता है, लेकिन आज दिनांक तक निगम की उदासीनता बरकरार है। श्री हनुमान प्रभातफेरी के संयोजक ठाड़ेश्वर महावर पूर्व पार्षद ने मांग की है कि शीघ्र सभी स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जाए। मांगकर्ताओं में यदुवंश मिश्रा, भीमसेन मिश्रा, राकेश विश्वकर्मा, राजेन्द्र तिवारी, राजेन्द्र बावरिया, मोहित, सागर, पप्पू प्रजापति, घनश्याम, राजेश चौबे, छोटेलाल प्रजापति शामिल रहे।

## *60 लीटर कच्ची शराब जप्त*

**जबलपुर।** रांझी पुलिस ने मरघटाई के पास बिलपुरा रांझी के पास अवैध शराब के कारोबार में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की कीमत 6 हजार रुपए बताई गई है। रांझी थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर मरघटाई के पास बिलपुरा रांझी के पास शराब बेच रहे सुभाषनगर झंडा चौक आयुष का बाड़ा रांझी निवासी 25 वर्षीय गौरव सिंह रावत को गिरफ्तार कर उसके पास से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। वहीं आरोपी का साथी कश्यप मोहल्ला सुभाषनगर रांझी आकाश मोटा मौके से फरार हो गया। आरोपी गौरव से शराब के संबंध में पूछताछ करने पर आकाश मोटा के पास 400 रूपये प्रतिदिन के हिसाब से शराब बेचने की बात स्वीकार की। पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2), आबकारी एक्ट तथा 49 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## नौ दिवसीय श्री शिव समाराधन महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा में उमड़े श्रद्धालु

# सिद्धि और सब को सुख देना वाला है महादेव का मंत्र : श्री गिरि बापू जी

जबलपुर।

**संस्कारधानी के घड़ी चौक विजय नगर स्थित नर्मदा एक्सीलेंस कॉलेज परिसर में आयोजित श्री शिव समाराधन महायज्ञ में श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा वाचक पूज्य श्री गिरि बापु जी महाराज अपने ओजस्वी श्रीमुख से शिव महापुराण कथा का वाचन करते हुए कहा शिव महा ग्रंथ कोई सामान्य ग्रंथ नहीं है सभीग्रंथों में श्रेष्ठ है। जीव मात्र मनुष्य के लिए आशीर्वाद का स्वरूप है ये शिव महापुराण ग्रंथ।**

महादेव का मंत्र सिद्धि और सब को सुख देना वाला है। महादेव जी जितने सरल है इतना ही उनका मंत्र सरल है। ॐ नमः शिवायः। 7 करोड़ महामंत्र का पुण्य सिर्फ ॐ नमः शिवायः करने से मिलता है। शांति और मनोकामना देने वाला मंत्र है। सबका कल्याण करने वाला मंत्र है मंत्रों का भी मंत्र है।



### इन्होंने किया पोथी पूजन एवं स्वागत

कथा के पूर्व श्री शिव महापुराण कथा समिति के मुख्य समायोजक स्वामी महेंद्रानंद महाराज , सुरेन्द्रानंद महाराज, अध्यक्ष पंडित राममूर्ति मिश्रा, स्वागत अध्यक्ष चंद्रकिरण महंत दयानंद गिरि जी जनपद अध्यक्ष ने पूज्य गिरि बापू का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद पोथी का पूजन मुख्य यजमान पं. देवेन्द्र पचौरी, यज्ञ मुख्य यजमान पं. जितेन्द्र पचौरी, कार्यवाहक समायोजक चित्रा देवी जी, कार्यक्रम , नवनीत माहेश्वरी जी, कार्यवाह समायोजक पं. हरकृष्ण पचौरी, पुष्पा पचौरी, आयोजन के प्रभारी बलराम यादव , पवन दुबे, महामंत्री कौशल यादव, भंडारा प्रमुख मुकेश ठाकुर द्वारा किया गया। श्री गिरि बापू जी का सत्कार शिव भक्त डॉक्टर नर्मदा प्रसाद शर्मा प्राचार्य लोकनाथ संस्कृत विद्यालय जबलपुर महिला नागरेक बैंक अध्यक्ष श्रीमती नूतन पांडे, विभव माहेश्वरी, प्रभव माहेश्वरी जी, विनय चौहान ,अतुल विश्वकर्मा, नीरज कुचिया व श्रीमति सरला दुबे, पंडित पूर्णनंद कुमार श्रोती, संतोष धुर्वे ने माल्यापर्ण कर किया।

उन्होंने कथा का वर्णन करते हुए कहा भूमि और स्थान का बहुत प्रभाव होता है। स्थान की महिमा अधिक होती है। नारद जी जिस स्थान पर बैठे उसी स्थान पर भगवान शिव जी ने तपस्या की थी। नारद जी समझ बैठे ये मेरे तप का प्रभाव। नारद जी की देवताओं ने भी प्रशंसा की, जिससे नारद जी में अहंकार का बीज अंकुरित होने लगा। हमारी कोई निंदा करें तो कोई प्रभाव नहीं, लेकिन जब प्रशंसा होने लगे तो हर मनुष्य को सतर्क रहना चाहिए। यह अभियान का कारण भी बनता है। दुनिया में सबसे बड़ा मूर्ख वह जो अपने को श्रेष्ठ मानता है दुनिया में बहुत श्रेष्ठ है। देवता सब बोले आप तो शिव तुल्य है। नारद जी खुद ही शिव भगवान के पास पहुँचकर प्रवचन करने लगे और जब नारद जी ने प्रवचन बंद किया तो शिव जी बोले हे तात आप तो महान और आत्म ज्ञानी है आप तो बहुत धन्य है आपने इतना बड़ा तप किया ये बहुत खुशी की बात है। नारद जी बात को याद रखिएगा जो मेरे सामने आप प्रवचन कर रहे हैं अपनी प्रशंसा किसी के आगे नहीं कहना चाहिए और श्री के सामने तो नही। जीवन मे बहुत सी बातें गोपनीय रखनी चाहिए। भगवान शिव ने बहुत सी बातें समझाने का प्रयास किया। आप मौन बन जाए आप का तप का प्रभाव बोलता है। जिनका तप परिपक्व हुआ है उसको ज्यादा से ज्यादा मौन रहना चाहिए और जिनकी उम्र अधिक हो गई हो उनको भी मौन रहना चाहिए। जिनकी तपस्या परिपक्व हो उनका बोला तो उनके मन में जो सोच है वो भी होने लगता है। इसलिए हमने देखा है जो तपस्वी है वो कम बोलते है। कम बोलना सबसे बड़ा गुण है। सबसे बड़ी बुद्धि कम शब्दों में दूसरों को समझाना श्रेष्ठ कला है। नारद जी आप को कुछ करने की आवश्यकता नहीं है। इसके बाद नारद जी भगवान विष्णु जी के पास अपनी प्रशंसा करने लगे। नारद जी आप महान है आपका दर्शन करने से पुण्य मिलता है। अभिमानी व्यक्ति को प्रशंसा अच्छी लगती है। नारद जी के मन में जो अहंकार का बीज अंकुरित हुआ था वह बढ़ने लगा। बहुत सुनने से बहुत कुछ मिलता है। नारद जी का अभिमान देखकर भगवान विष्णु जी महादेव को याद करने लगे।

कथा का वृतांत सुनाते हुए श्री बापु जी ने कहा कि कलयुग में सब कुछ ना कुछ बातों से भ्रमित हैं निजात और मौलिकता अलग बात होती है दूसरों का रूप ले सकते हैं स्वरूप नहीं वो मौलिकता होती है। सब कुछ बदल सकता है स्वभाव नहीं। सुखाआसन बैठकर जाप करें। मंत्र हमेशा सुख समृद्धि, सिद्धि देना। सिद्धि का अर्थ है अन्तरसूझ। दीक्षित बुद्धि धीमहि हमारी बुद्धि में सब के लिए कल्याण का भाव रहे। हमारे शत्रु के लिये भी कल्याण का भाव हो। बुद्धिजीवी व्यक्ति चमत्कार नहीं अविष्कार को स्वीकारता है। आजकल जो सुविधा हमें मिल रही है वह जीवन में चमत्कार नहीं अविष्कार से है। हम जैसे लोगों ने दिन रात मेहनत करके किसी ने गाड़ी, कैमरे , पोत , हवाई जहाज , मोबाइल बनाया। इसलिए ये अविष्कार की दुनिया है चमत्कार की नहीं। इसलिए चमत्कार नहीं अविष्कार से कल्याण से होगा। कोरोना में वैक्सीन का निर्माण चमत्कार नहीं वैज्ञानिकों का अविष्कार है। शरीर में पीड़ा है तो चिकित्सक के पास जाओ। समाज अपडेट हुआ है उसके बाद भी लोग वही पड़े हुए है। आपका सद्कर्म आपके सुख का कारण बनेगा। आपका भाग्य आपको ही खोलना पड़ेगा। कोई दूसरा भाग्य नही खोल सकता। दूसरों पर क्यो आश्रित क्यों। पीड़ा को हरने वाली महादेव की कथा और उनका मंत्र है।



## पंच कल्याणक महोत्सव तैयारियों का लोक निर्माण मंत्री ने किया निरीक्षण

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जबलपुर स्थित बड्डा दद्दा ग्राउंड पहुँचकर आगामी पंचकल्याणक महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। मंत्री ने स्थल पर चल रहे कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान विधायक नीरज सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष रानू तिवारी, अशोक चावल, अरविंद चावल, नीलेश जैन, राजीव बेटिया, सुनील मंगलाहाट, सचिन जैन रिंकू, दिनेश चौधरी, मनीष जैन, अमित पंडरिया, सहित समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त नगर निगम कमिश्नर एवं प्रशासनिक अधिकारी गण भी तैयारियों के निरीक्षण में शामिल हुए और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक समन्वय किया।

## विजय नगर के चौराहे और मार्ग का नामकरण

### सिद्धी विनायक चौक व महाराजा अग्रसेन मार्ग



**जबलपुर।** नगर निगम ने विजय नगर में एच.बी. कॉलेज के पास स्थित चौराहा का नाम सिद्धी विनायक चौक और परोहा बिल्डिंग के समीप पुलिया तक जाने वाले मार्ग का नाम महाराजा अग्रसेन मार्ग रखने का निर्णय लिया है। यह निर्णय मेयर-इन-कॉउसिल बैठक (26/09/2025) में पारित संकल्प क्र-613 एवं 614 और अपर आयुक्त के पत्र क्रमांक-587 एवं 588 (24/09/2025) के अनुसार लिया गया।नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज ने आयुक्त को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए। प्रस्ताव को सदन की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की गई।



# कैंट में आर्मी स्किल ट्रेनिंग सेंटर की नई बिल्डिंग का उद्घाटन

जबलपुर।

परिवार कल्याण संगठन, मध्य भारत एरिया द्वारा सैन्य परिवारों के लिए आर्मी स्किल ट्रेनिंग सेंटर (ASTC) की नई बिल्डिंग का उद्घाटन जोनल अध्यक्षा AWWA श्रीमती राजलक्ष्मी शेखावत ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस सेंटर का उद्देश्य सैनिकों के परिवारों व वीर नारियों को कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। सेंटर में PMKVY के अंतर्गत सिलाई एवं फैशन डिजाइनिंग, कंप्यूटर बेसिक, ब्यूटी पार्लर, हैंडीक्राफ्ट, फूड प्रोसेसिंग आदि कोर्स संचालित किए जाएंगे। कार्यक्रम में PMKVY के अंतर्गत प्रशिक्षण पूरा करने वाली महिलाओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए, जिनमें असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, सेल्फ-एम्प्लॉयड टेलर और NTT कोर्स की प्रतिभागी शामिल थीं। अपने संबोधन में श्रीमती शेखावत ने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण महिलाओं को रोजगार के नए अवसर देकर सशक्त और आत्मनिर्भर बनाते हैं। MSME प्रतिनिधि ने भी महिलाओं के लिए उपलब्ध सरकारी योजनाओं और रोजगार अवसरों की जानकारी साझा की। ASTC महिलाओं को सीखने और प्रगति के लिए सुरक्षित एवं उन्नत वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जय महाकाल संघ में जिला, विधानसभा और वार्ड स्तर पर नई नियुक्तियां

**जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी ने संगठन का विस्तार करते हुए जिला, विधानसभा और वार्ड स्तर पर नए पदाधिकारियों की नियुक्तियों की सूची जारी की है। जिसमें जिला स्तर पर राहुल राठौर – जिला उपाध्यक्ष, अनूपपुर, रोहित जायसवाल – जिला संयोजक, अनूपपुर। विधानसभा स्तर पर पवन जायसवाल – अध्यक्ष, विद्यार्थी महासंघ, उत्तर मध्य विधानसभा, जबलपुर, राकेश मिश्रा – अध्यक्ष, व्यवहारी विधानसभा, शहडोल, एड. सूर्या तिवारी – अध्यक्ष, अधिवक्ता महासंघ, पूर्व विधानसभा, जबलपुर, मृदुल मलिक – संयोजक, विद्यार्थी महासंघ, पूर्व विधानसभा, जबलपुर। वार्ड स्तर पर सिद्धार्थ उपाध्याय – वार्ड अध्यक्ष, रानी लक्ष्मीबाई वार्ड, कैंट विधानसभा, जबलपुर में नियुक्तियां की गई हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया तिवारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने पदों का दायित्व निष्ठा से निभाते हुए देश व धर्म की सेवा में समर्पित भाव से कार्य करें।



## विश्व शौचालय दिवस पर महापौर ने किया 4 सुलभ कॉम्प्लेक्स का भूमिपूजन

**जबलपुर।** विश्व शौचालय दिवस (19 नवम्बर) पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देते हुए 4 सुलभ कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य का भूमिपूजन और 11 नए यूरीनल सेंटर का लोकार्पण किया। कार्यक्रम में नगर निगम अध्यक्ष रिंकुज विज, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण और निगम अधिकारी उपस्थित रहे।महापौर ने कहा कि “स्वच्छता से ही अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि आती है” और यह पहल स्वच्छ भारत अभियान को मजबूत करेगी। यूनाइटेड नेशन वूमेन के सर्वे एवं नागरिकों की मांग के आधार पर दीनदयाल चौक, घंटाघर, शास्त्री ब्रिज और उमरिया गौशाला के पास नए सार्वजनिक शौचालय बनाए जाएंगे, जबकि आईएसबीटी परिसर और सिविल लाइन सहित कई स्थानों पर नए यूरीनल सेंटर शुरू किए गए हैं। महिलाओं की सुरक्षा और स्वच्छता सुधार के उद्देश्य से यह कदम महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यूनाइटेड नेशन वूमेन के सेफ सिटी प्रोजेक्ट के तहत सुझाए गए सुझावों के अनुरूप यह कार्य किया गया, जिसका प्रतिनिधित्व जबलपुर में रुद्राक्ष पाठक द्वारा किया जा रहा है।

## जन बसों का किराया निजी ऑपरेटरों को सौंपने का विरोध, किराया निर्धारण समिति गठन की मांग

**जबलपुर।** नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने प्रदेश में प्रस्तावित जनबसों का यात्री किराया निजी ऑपरेटरों के हाथों में सौंपे जाने पर आपत्ति जताते हुए किराया निर्धारण समिति के गठन की मांग की है। मंच ने इस संबंध में परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह और मुख्य सचिव अनुराग जैन को पत्र भेजा है।मंच ने कहा कि यदि किराया निर्धारण पूरी तरह निजी ऑपरेटरों पर छोड़ दिया गया, तो इससे भविष्य में आम यात्रियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। मंच ने यह भी बताया कि सरकार द्वारा गठित मॉनिटरिंग कमेटी को बस किराया तय करने या उसकी निगरानी करने का अधिकार नहीं दिया गया है।उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने हाल ही में 25 जिलों में 6000 रूटों पर 10,879 जनबसें संचालित करने का निर्णय लिया है, जिनका संचालन अप्रैल 2026 से शुरू किया जाना है। इस संबंध में परिवहन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड कंपनी भी गठित की गई है। बैठक में डॉ. पी.जी. नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया और डी.आर. लखेरा उपस्थित थे।

## पिसनहारी तीर्थ में आचार्य समय सागर महाराज की धर्मसभा सम्पन्न

**जबलपुर।** पिसनहारी तीर्थ पर आयोजित धर्मसभा में आचार्य समय सागर महाराज ने अपनी दिव्य देशना में कहा कि मनुष्य



जन्म का उद्देश्य विषयों में लिप्त होना नहीं, बल्कि संयमपूर्वक जिनवाणी की आराधना करते हुए आत्मकल्याण की दिशा में अग्रसर होना है। उन्होंने कहा कि संसार में जानने योग्य पदार्थ अनंत हैं, परंतु छोड़ने योग्य केवल तीन— राग, द्वेष और मोह हैं। इन तीनों से ऊपर उठे बिना आत्मा की प्राप्ति संभव नहीं है।आचार्य श्री ने कहा कि शुद्ध आत्मतत्त्व ही ग्रहण करने योग्य है, जबकि पंचेंद्रिय विषय मात्र त्याज्य हैं। जीव इन विषयों को त्यागने में कठिनाई महसूस करता है, जबकि वही भोग्य सामग्री वास्तव में हेय है। उन्होंने बताया कि सच्चा यथार्थ श्रद्धान वही है जो संसार को छोड़ने योग्य और आत्मतत्त्व को ग्रहण करने योग्य समझे।आचार्य समय सागर महाराज ने कहा कि जब तक चरित्र के मार्ग पर कदम नहीं बढ़ाए जाते, तब तक मुक्ति की प्राप्ति संभव नहीं है। धर्मसभा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और आचार्य श्री की देशना से लाभान्वित हुए।




## एलएनसीटी कॉलेज के स्वयंसेवकों ने समाज सेवा से व्यक्तित्व विकास की भावना को किया साकार

**जबलपुर।** एलएनसीटी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई द्वारा संचालक सिद्धार्थ राय, प्राचार्य डॉ. साधना श्रीवास्तव, अति संचालक अजय वर्मा, रजिस्ट्रार केके शिवहरे के मार्गदर्शन में सात दिवसीय विशेष शिविर 11 से 17 नवम्बर तक विवेकानंद विद्यालय ग्राम बिल्हा भेड़ाघाट में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य मैं नहीं आप की भावना को आत्मसात करते हुए स्वयंसेवकों ने शिविर के दौरान विभिन्न सामाजिक और सामुदायिक विकास गतिविधियों में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, स्वच्छ भारत अभियान, पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों पर गांव में रैली और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। स्वयंसेवकों ने गांव की गलियों, सार्वजनिक स्थलों और जल स्रोतों की सफाई की। समारोह में मुख्य अतिथि अर्पण प्यासी, विशिष्ट अतिथि अजय वर्मा, अध्यक्ष डॉ. साधना श्रीवास्तव ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना की एवं उन्हें प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए। सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक का पुरस्कार अजय कुमार व स्वर्णिम मिश्रा को प्रदान किया गया। स्वयंसेवक मौसमी लोधी, आकांक्षा पवार, दीक्षा चौरसिया, अनामिका पवार, पुष्पराज सिंह, शिवम गुप्ता, निकिता बर्मन, विशाल पाल, सूर्यांश सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई।




## मुजावर मोहल्ला में जश्न-ए-गौस-ए-आज़म

**जबलपुर।** गढ़ा मुजावर मोहल्ला स्थित सज्जादानशीन सैय्यद इदरीस अली कादरी के निवास पर ग्यारहवीं शरीफ़ के उपलक्ष्य में जश्न-ए-गौस-ए-आज़म का आयोजन किया गया। जलसे की शुरुआत कुरान पाक की तिलावत से हुई। जलसे में मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी, मुबारक अली कादरी, इनायत कादरी समेत बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। महफ़िल में रूहानियत पैदा करते हुए उस्ताद असलम माजिद जबलपुरी, डॉ. मक़बूल अली, इजहार जबलपुरी, हाफिज फ़ज़ल हुसैन कादरी ने नअत-ए-पाक और मनक़बत पेश कीं। मौलाना चांद कादरी ने अपनी नूरानी तकरीर से लोगों को मुतास्सिर किया। सज्जादानशीन सैय्यद इदरीस अली कादरी ने मेहमानों की दस्तारबंदी कर उनका इस्तकबाल किया। अर्द्धरात्रि में सलातो-सलाम की अदायगी के साथ जल्सा का समापन हुआ।

## वीरांगना ऊदादेवी ने पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेजों को मारा था

**जबलपुर।** सन 1857 की क्रांति की महान नायिका वीरांगना ऊदादेवी पासी की प्रतिमा का लखनऊ में उनके बलिदान दिवस पर 16 नवम्बर 2025 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री आदित्य योगी नाथ द्वारा वृंदावन कालोनी सेक्टर 19, पासी चौराहा पर अनावरण किया गया। वीरांगना ऊदादेवी पासी 1857 की गदर में लखनऊ के सिकंदराबाद में 36 अंग्रेज सैनिकों को मारकर शहीद हो गई थीं। वीरांगना ने शहीद होने से पूर्व पीपल के पेड़ पर चढ़कर 36 अंग्रेज सैनिकों को मारा था। शिलान्यास के पत्थर पर जबलपुर के समाजसेवी सुरेश पासी, डॉ. ऋषि बावरिया, डॉ. नीलिमा का नाम अंकित कर जबलपुर को गौरवान्वित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन लक्ष्मीप्रसाद रावत अध्यक्ष राष्ट्रीय पासी महासंघ, रामचंद्र प्रधान, सुरेश पासी, डॉ. ऋषि बावरिया, डॉ. नीलिमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एड. द्वारका प्रसाद वर्मा, एड. अनिल



बावरिया, एड. राजेश कुशवाहा, एड. रूपलाल बावरिया, महेन्द्र पासी, सोनू पासी, राजू पासी, दयाशंकर, प्रकाश राय, अमित पासपान, विजय पासी, भगवती ठाकुर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## विंध्या दुर्गेश ठाकुर करणी सेना संभागाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** देश के सबसे बड़े संगठन करणी सेना परिवार के मुखिया जीवन सिंह शेरपुरकर, राष्ट्रीय महासचिव पंकज राज पुरानी के मार्गदर्शन में प्रदेश क्षत्राणी इकाई प्रमुख ममता जितेन्द्र सिंह सोलंकी, प्रदेश प्रभारी दुर्गेश कुंवर भाटी, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष



स्वातिसिंह, सविता सिंह, संयोजक नीलम सिंह, प्रदेश संगठन मंत्री गीता राकेश सिंह की अनुशंसा पर विंध्या दुर्गेश ठाकुर को संभाग अध्यक्ष नियुक्त किया गया। हरितिमा रामकुमार सिंह को संभाग संरक्षक, नीता अर्जुन सिंह राजपूत को संभाग कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/167
दिनांकः- 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री साहिल जैन पिता श्री राजेन्द्र कुमार जैन (2) श्री तरूण कुमार जैन पिता स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार जैन ने मकान नं.-795 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी भूतल 1358 व.फु., प्रथमतल 1358 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/168
दिनांकः- 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अंकिता विश्वकर्मा पति श्री राहुल कुमार विश्वकर्मा ने मकान नं.-2665/बी-6 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती प्रथमतल 763 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/169
दिनांकः- 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र कुमार जैन पिता स्व. श्री रामचंद्र जैन ने मकान नं.-711,713 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 450 व.फु., प्रथमतल 450 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/राजस्व आदेश की प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/170
दिनांकः- 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तरूण कुमार जैन पिता स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार जैन ने मकान नं.-717,719,721 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 562 व.फु., प्रथमतल 562 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/राजस्व आदेश की प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/171
दिनांकः- 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री तरूण कुमार जैन पिता स्व. श्री वीरेन्द्र कुमार जैन ने मकान नं.-720 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 329 व.फु., प्रथमतल 329 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/राजस्व आदेश की प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग
क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2026-26/एम/172
दिनांकः- 19/11/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र कुमार जैन पिता स्व. श्री रामचंद्र जैन ने मकान नं.-714,716 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 1264 व.फु., प्रथमतल 1264 व.फु. शपथपत्र/मृत्यू प्रमाणपत्र/राजस्व आदेश की प्रति के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर




## महाकौशल की पत्रकारिता को मिलेगी नई उड़ान

# रादुविवि में हुक्मचंद नारद पत्रकारिता पीठ की स्थापना का रास्ता साफ

अनुरोध पटेरिया

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर को पत्रकारिता के क्षेत्र में नई पहचान मिलने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ गया है। ढाई दशक से लंबित हुक्मचंद नारद पत्रकारिता पीठ की स्थापना अब लगभग तय है। इस संबंध में मध्यप्रदेश के राज्यपाल के अपर सचिव ने कुलगुरु को पत्र भेजकर विश्वविद्यालय स्तर पर नियमानुसार एवं विधिसम्मत कार्यवाही करने के लिए निवेदित किया है।

पत्रकारिता के क्षेत्र में महाकौशल की अपनी एक विशिष्ट पहचान रही है। स्वतंत्रता पूर्व काल से यहां पत्रकारिता में प्रयोग धर्मिता और परिष्कार की परंपरा रही है। वर्तमान समय में इस क्षेत्र में रिसर्च की अपार संभावनाएं मौजूद हैं, किन्तु हजारों विद्यार्थी स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद शोध अवसरों के अभाव में आगे नहीं बढ़ पाते। प्रस्तावित पीठ की स्थापना से विद्यार्थियों को न केवल शोध सुविधाएं मिलेंगी, बल्कि बदलते मीडिया परिवेश के अनुरूप अध्ययन का नया वातावरण भी विकसित होगा।



### नारद के नाम पर क्यों?

स्वर्गीय हुक्मचंद नारद को देश में श्रमजीवी पत्रकारिता का जनक माना जाता है। उनका जबलपुर से गहरा संबंध रहा है। ब्रिटिश शासन के दौरान वर्ष 1922 में उन्होंने सतना से पत्रकारिता की शुरुआत की। रीवा रियासत के विरुद्ध लिखने के कारण उत्पीड़न झेलना पड़ा और उन्हें जबरन सतना छोड़ना पड़ा। जबलपुर आने के बाद उन्होंने जीविका हेतु साइकिल पर कपड़ों की फेरी लगाना शुरू किया, लेकिन पत्रकारिता का कार्य निरंतर जारी रखा। स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका के चलते उन्हें ब्रिटिश शासन द्वारा कई बार दबिश दी गई और तीन बार कारावास झेलना पड़ा। उन्होंने देश-विदेश के कई प्रमुख समाचार पत्रों के लिए फ्रीलांसर के रूप में लेखन किया। उनके श्रम, त्याग और संघर्षपूर्ण योगदान के कारण उन्हें श्रमजीवी पत्रकारिता का पितामह कहा जाता है।

### शहर में दर्ज नारद की विरासत

हुक्मचंद नारद की स्मृति में सिविक सेंटर में वर्ष 1999 में कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई। विक्टोरिया अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर के वेटिंग हॉल का निर्माण जन सहयोग से कराया गया। तिलक भूमि तलैया से नरघैय्या मार्ग का नामकरण उनके नाम पर किया गया। भोपाल स्थित माधवराव सप्रे समाचार पत्र संग्रहालय में उनके नाम पर कक्ष निर्मित है तथा प्रतिवर्ष हुक्मचंद नारद पत्रकारिता पुरस्कार प्रदान किया जाता है। प्रस्तावित पत्रकारिता पीठ इस श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए मध्यप्रदेश एवं देशभर के पत्रकारों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी।

### ढाई दशक पुरानी घोषणा अब पटरी पर

तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने 1999 में सिविक सेंटर में स्थापित नारद जी की प्रतिमा के अनावरण समारोह में पत्रकारिता पीठ की घोषणा की थी, तब से अब तक यह पहल अमल में नहीं आ सकी थी। स्वर्गीय नारद के पौत्र डॉ. संदीप नारद (इंदौर) द्वारा लगातार प्रयास किए जाने के परिणामस्वरूप अब यह प्रस्ताव पुनः गति पकड़ चुका है। कुलगुरू डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने कहा कि पत्रकारिता पीठ की स्थापना विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है और इससे विद्यार्थियों को शोध के नए अवसर प्राप्त होंगे। कुल सचिव डॉ. आर.के. बघेल ने बताया कि कुलगुरु के निर्देशानुसार विभाग को त्वरित कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हुक्मचंद नारद पत्रकारिता पीठ की स्थापना न केवल पत्रकारिता शोध को नई दिशा देगी, बल्कि जबलपुर की समृद्ध पत्रकारिता परंपरा को भी राष्ट्रीय स्तर पर मजबूती प्रदान करेगी।

## हाई कोर्ट ने वीसी से हाजिर हुए पुलिस आयुक्त को दिए निर्देश

# इंदौर में सड़क हादसों को रोकने के संबंध में समग्र सुधारात्मक प्रयासों की रिपोर्ट पेश करें



**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट के पूर्व निर्देश के पालन में बुधवार को इंदौर के पुलिस आयुक्त वीसी के जरिए हाजिर हुए। उन्होंने अवगत कराया कि इंदौर में उक्त घटना के बाद कोई भीषण सड़क दुर्घटना घटित नहीं हुई है। सड़क दुर्घटनाएं रोकने सुधारात्मक प्रयास किए जा रहे हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस जानकारी को नाकाफी पाते हुए इंदौर में सड़क हादसों को रोकने के संबंध में समग्र सुधारात्मक प्रयासों की रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 17 दिसंबर को होगी।

उल्लेखनीय है कि 15 सितंबर की शाम एयरपोर्ट इलाके की सड़कों पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने करीब एक किलोमीटर तक कई लोगों और वाहनों को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे। इंदौर में नो एंट्री में ट्रक के कोहराम मचाने की घटना को संज्ञान में लेते हुए हाई कोर्ट ने मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने की व्यवस्था दी थी। मामले की सनुवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पुलिस कमिश्नर से पूछा था कि यह गंभीर चूक कैसे हुई। कोर्ट ने यह बताने भी कहा था कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए क्या योजना है। कोर्ट ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए अपनी टिप्पणी में कहा था कि जब सड़क सुरक्षा के सख्त नियम मौजूद हैं, तो इस तरह के हादसे होना अत्यंत चिंताजनक है।प्रकरण की पूर्व में सुनवाई के दौरान इंदौर के पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर वर्चुअली और ट्रैफिक डीसीपी व्यक्तिगत रूप से हाजिर हुए थे। इस बाद जनहित याचिका को इंदौर बेंच स्थानांतरित कर दिया गया था। इंदौर बेंच से पुनः याचिका को मुख्यपीठ स्थानांतरित की गयी थी। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट मित्र की तरफ से बताया गया था कि इस हादसे के बाद भी इंदौर में ऐसी दुर्घटनाएं घटित हो गई हैं। जिसे गंभीरता से लेते हुए हाईकोर्ट ने इंदौर पुलिस आयुक्त को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहने के निर्देश दिए थे।

## 2 लाख के जेवर व 3 हजार नगदी ले भागे चोर

**जबलपुर।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत ग्रीन सिटी गली नंबर 5 दुर्गा मंदिर के पास एक सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर 2 लाख के सोने चांदी के जेवर व नगदी 3 हजार रुपए चोरी कर ले गए। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रीन सिटी गली नंबर 5 दुर्गा मंदिर के पास माढ़ोताल निवासी 38 वर्षीय सुरेश महोबिया गत रात लगभग 8.30 बजे घर पर ताला लगाकर परिवार के साथ अपने गांव लखाखेरा थाना बड़वारा जिला कटनी गया था जहां से परिवार के साथ गत रात लगभग 8.30 बजे वापस अपने घर आया तो उसके होश उड़ गए उसके घर के मेन दरवाजे का ताला टूटा था। कमरे में रखी गोदरेज आलमारी का ताला टूटा था। आलमारी में रखी सोने की 1 चैन, 2 अंगूठी, बेटी की सोने की चेन तथा नगदी 3 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।




## अंतरजातीय विवाह करने वालों को अविलंब पुलिस सुरक्षा दें

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने अंतरजातीय विवाह करने वाले युवक-युवती को अविलंब पुलिस सुरक्षा प्रदान करने का आदेश दिया है। जस्टिस अचल कुमार पालीवाल की सिंगल बेंच ने यह जिम्मेदारी एसपी मंडला को सौंपी। कोर्ट ने अपने आदेश में साफ किया कि बालिग युवक-युवती को अपनी पसंद से विवाह करने का मौलिक अधिकार है। इसलिए प्रशासन का कर्त्तव्य है कि वह सामाजिक या पारिवारिक उत्पीड़न से सुरक्षा प्रदान करे। इस मामले में याचिकाकर्ताओं की जान और स्वतंत्रता पर वास्तवित खतरा मौजूद है, जिसे गंभीरता से लेकर तत्काल हस्तक्षेप आवश्यक है। याचिकाकर्ता मंडला जिला निवासी साक्षी मिश्रा व शैलेंद्र पटेल की ओर से अधिवक्ता शीर्ष अग्रवाल व फाल्गुन यादव ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ताओं ने 20 जनवरी, 2025 को विधिवत पंजीकृत विवाह किया था। जिसके बाद से स्वजनों की ओर से निरंतर धमकियां मिल रही हैं। अज्ञात लोगों ने मंडीदीप स्थित घर तक पहुंचकर भयाक्रांत किया था। काफी उत्पात मचाया था। 11 नवंबर, 2025 को पुलिस को शिकायत सौंपी गई थी। इसके बावजूद ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस वजह से जान का खतरा बना हुआ है।

**हाई कोर्ट का आदेश, बालिग युवक-युवती को अपनी पसंद से विवाह करने का मौलिक अधिकार**







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240